हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 4 मार्च 2026

04 शहर में उत्साह के साथ शताधिक स्थानों पर...



07 बंदूक की निकली आग से जली होली नवाबी काल...





## चंद्रग्रहण: सुबह 6:20 बजे से बंद रहे मंदिरों के पट, आज सुबह से होगी पूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा


पूर्णिमा पर चंद्र ग्रहण के कारण मंगलवार को शहर के सभी प्रमुख मंदिरों के पट निर्धारित समय पर बंद कर दिए गए।


सनातन परंपरा के अनुसार ग्रहण काल में पूजा-अर्चना और नियमित धार्मिक अनुष्ठान स्थगित रहते हैं। इसी मान्यता के चलते मंगलवार सुबह 6:20 बजे मंदिरों के कपाट बंद किए गए। पंडित संजय पुरोहित ने बताया कि हिंदू धर्मग्रंथों के अनुसार राहु और केतु द्वारा सूर्य और चंद्रमा को ग्रास बनाए जाने की स्थिति को ग्रहण माना जाता है। आज सुबह से मंदिरों में पूजा अर्चना होगी।



विदिशा। माधवगंज स्थित कांच मंदिर सहित शहर के प्रमुख मंदिरों के पट दिनभर बंद रहे।

### चंद्र ग्रहण शाम 6:14 बजे से 7:02 बजे तक रहा





चंद्र ग्रहण के दौरान धार्मिक कार्यों को विराम दिया जाता है। ग्रहण समाप्ति के बाद स्नान, शुद्धिकरण और दान-पुण्य का विशेष महत्व है। पंडित पुरोहित के अनुसार विदिशा में चंद्र ग्रहण का स्पर्श शाम 6:14 बजे होगा और यह 7:02 बजे समाप्त होगा। हालांकि, ग्रहण काल दोपहर 3:20 बजे से प्रभावी माना गया है। सुबह श्रद्धालुओं ने ब्रह्म मुहूर्त में भगवान की सेवा और भोग अर्पित किया। इसके तुरंत बाद सभी मंदिरों के पट बंद कर दिए गए। संजय पुरोहित ने बताया कि ग्रहण समाप्ति के बाद लोग स्नान और पूजा करेंगे। हालांकि, सूर्यास्त के बाद शास्त्र सम्मत परंपरा के चलते मंदिरों के कपाट आज पुनः नहीं खोले जाएंगे। अब शुक्रवार सुबह विधि-विधान से शुद्धिकरण के बाद ही मंदिरों में पूजा-अर्चना शुरू होगी। चंद्र ग्रहण के कारण होली पर्व पर भी असर पड़ा है, जिसके चलते रंगोत्सव आज बुधवार को मनाया जाएगा।

### सांची रोड स्थित एसबीआई बैंक में खाता खुलवाकर देशभर में किए ट्रांजेक्शन

## 23 करोड़ की साइबर ठगी का भांडा फोड़ फर्जी कंपनी बना 1.5 लाख बार ट्रांजेक्शन

***सांची रोड स्थित एसबीआई वाणिज्य शाखा ने संदिग्ध खाते को फ्रीज कर दिया। हालांकि, बैंक के अलर्ट होने तक इस खाते से करीब 23 करोड़ 27 लाख रुपए निकाले जा चुके थे। जब बैंक ने कार्रवाई की तब खाते में केवल 6 लाख रुपए ही शेष बचे थे।***

***इसे जिले का अब तक का सबसे बड़ा साइबर ठगी का मामला कहा जा रहा है। तीन जालसाजों ने एक फर्जी कंपनी बनाकर इस साइबर ठगी को अंजाम दिया है। हालांकि इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, एक फरार है।***

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

विदिशा जिले में अब तक का सबसे बड़ा साइबर ठगी का मामला सामने आया है। तीन जालसाजों ने एक फर्जी कंपनी बनाकर महज सात महीने के भीतर 23 करोड़ 20 लाख रुपए से ज्यादा की ठगी को अंजाम दिया है। आरोपियों ने एसबीआई की शाखा में एक चालू खाता (म्यूल अकाउंट) खुलवाकर देशभर में 1.5 लाख से अधिक ट्रांजेक्शन किए। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, जबकि मुख्य सरगना की तलाश जारी है।

इस करोड़ों की ठगी का खुलासा तब हुआ जब बिहार के पटना स्थित एसबीआई ब्रांच ने इस खाते की शिकायत की। इसके बाद 24 से अधिक राज्यों से लगातार शिकायतें मिलने पर विदिशा की सांची रोड स्थित एसबीआई वाणिज्य शाखा ने संदिग्ध खाते को फ्रीज कर दिया। हालांकि, बैंक के अलर्ट होने तक इस खाते से करीब 23 करोड़ 27 लाख रुपए निकाले जा चुके थे। जब बैंक ने कार्रवाई की तब खाते में केवल 6 लाख रुपए ही शेष बचे थे।

### खाते से 10 हजार से 50 लाख तक के किए लेनदेन

पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपियों ने सितंबर 2025 में एक पार्टनरशिप फर्म के नाम से यह खाता खुलवाया था। इसके बाद एक सोची-समझी साजिश के तहत देशभर में साइबर फ्रॉड किया गया। इस खाते से 10 हजार से लेकर 50 लाख रुपए तक की भारी-भरकम रकम घुमाई गई। इतनी बड़ी राशि और इतने कम समय में किए गए ट्रांजेक्शन ने बैंकिंग और पुलिस तंत्र दोनों को चौंका दिया है।



### मास्टरमाइंड फरार

बैंक प्रबंधक धर्मवीर सिंह की रिपोर्ट पर कोतवाली थाने में मामला दर्ज किया गया है। सीएसपी अतुल सिंह ने बताया कि दो जालसाजों को पकड़ लिया गया है, लेकिन पूरे नेटवर्क का मास्टरमाइंड अभी फरार है। पुलिस को इसके पीछे एक बड़े अंतरराज्यीय गिरोह के सक्रिय होने की आशंका है। फिलहाल पुलिस पूरी मनी ट्रेल खंगाल रही है ताकि यह पता चल सके कि करोड़ों की यह रकम किन-किन खातों में ट्रांसफर की गई और किन लोगों तक पहुंची है। इतनी बड़ी रकम कहां से आई यह भी पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

### पुलिस ने तीन युवाओं को बनाया है आरोपी

सीएसपी अतुल सिंह ने बताया कि इस मामले में तीन आरोपी बनाए गए हैं। बरईपुरा निवासी दीपक राठौर, जतरापुरा नदी रोड निवासी शुभम कुशवाह (29) और मोहनगिरि निवासी रवि शर्मा (34) तीनों विदिशा के ही हैं। जिनमें से रवि शर्मा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मास्टर माइंड की तलाश की जा रही है। कुछ दिन पहले भी शहर में साइबर ठगी के मामले में पश्चिम बंगाल पुलिस ने एक आरोपी वसीम खान को गिरफ्तार किया था। जिसे बंगाल पुलिस अपने साथ लेकर गई है। शहर में लगातार बढ़ रहे साइबर क्राइम चिंता का विषय हैं। विदिशा जैसे छोटे से शहर में इस तरह की बड़ी साइबर ठगी की वारदात हो रही हैं जो गंभीर विषय है।

## सुरक्षा: जिलेभर में एक हजार से अधिक पुलिसकर्मी तैनात

### ड्रोन से निगरानी, 250 से अधिक निगरानी शुदा बदमाशों को चेक किया, भोपाल से बल मंगाया



विदिशा। शहर में जगह-जगह प्रमुख प्वाइंट्स पर पुलिस कर्मी तैनात किए गए।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

■ शहर की शांति भंग करने वालों पर की जाएगी कार्रवाई।

जिले में होली का पर्व शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन ने व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए हैं। जिलेभर में 1000 से अधिक पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है, जिनमें 35 विशेष सशस्त्र बल के जवान भी शामिल हैं।

सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के लिए भोपाल से 45 जवानों का अतिरिक्त बल भी विदिशा पहुंच चुका है। पुलिस द्वारा अब तक 250 से अधिक निगरानीशुदा बदमाशों को राउंडअप किया गया है, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोका जा सके। नगर के कोतवाली और सिविल लाइन थाना क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतते हुए 120 से अधिक जवानों की ड्यूटी लगाई गई है। संवेदनशील क्षेत्रों में फिक्स पॉइंट बनाए गए हैं तथा चार मोबाइल पुलिस टीमें लगातार गश्त कर रही हैं। ड्रोन कैमरों से भी निगरानी की जा रही है। नगर पुलिस अधीक्षक अतुल सिंह ने बताया कि एसपी, एएसपी और सीएसपी स्वयं मैदान में भ्रमण कर व्यवस्थाओं की निगरानी कर रहे हैं। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि शांति भंग करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## मिर्जापुर चौराहे पर ढाबे के सामने ट्रक चालक बाइक सवार को मारी टक्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

सोमवार रात 9 बजे मिर्जापुर चौराहे के आगे महाकाल ढाबे के सामने एक अज्ञात ट्रक गुलाबगंज निवासी आदित्य दांगी की बाइक को टक्कर मारकर मौके से फरार हो गया।

घायल को सिर में गंभीर चोटें आईं हैं। घटना की जानकारी मिलते ही समाजसेवी आदर्श तिवारी और राजा यादव ने तुरंत अपने निजी वाहन से घायल को मेडिकल कॉलेज पहुंचाया और परिजनों को सूचित किया। यह लगातार तीसरा दिन था, जब आदर्श तिवारी ने घायलों की मदद की। अब तक वह 150 से ज़्यादा घायलों को अपने निजी वाहन से सही समय पर अस्पताल पहुंचाया है।



## यूथ पार्लियामेंट युवाओं की विचारशक्ति व नेतृत्व क्षमता विकसित करने का सशक्त मंच है: गीता कैलाश रघुवंशी

### जिले के पांच प्रतिभागी राज्य स्तरीय मंच के लिए चयनित हुए

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

#### लोकतांत्रिक समझ को सुदृढ़ करने वाला आयोजन

जिला स्तरीय विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट 2026 का आयोजन एसएटीआई कॉलेज में हुआ। कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना एवं मेरा युवा भारत (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया।

जिलेभर से 18 से 25 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं ने लोकतांत्रिक विषयों पर प्रभावशाली विचार रखे। उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर पांच युवाओं का चयन राज्य स्तरीय यूथ पार्लियामेंट हेतु किया गया। रुद्रेश रघुवंशी ने प्रथम, स्वाति तिवारी ने द्वितीय, गौरव बिरूरकर ने तृतीय, शिवानी खाती ने चतुर्थ एवं धनंजय दुबे ने पंचम स्थान प्राप्त किया। चयनित प्रतिभागी राज्य स्तर पर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे, जहां उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को राष्ट्रीय संसद में अपनी बात रखने का अवसर मिलेगा।

जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी ने कहा कि यूथ पार्लियामेंट युवाओं की विचारशक्ति और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का सशक्त मंच है। नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा ने इसे लोकतांत्रिक समझ को सुदृढ़ करने वाला आयोजन बताया। प्राचार्य डॉ. नवीन गोयल ने स्वागत उद्बोधन दिया। जूरी सदस्यों ने भी अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी बृजेश प्रजापति ने किया।



## शर्मनाक: सांची रोड पर मिला नवजात का शव

### विगत दिनों भी इस तरह की घटना आई थी सामने

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

शहर के सांची रोड पर शंकर हॉस्पिटल के सामने एक खाली प्लॉट में एक कुत्ता मृत नवजात शिशु के आधे शरीर को मुंह में दबाए घूमता दिखाई दिया।

प्रत्यक्षदर्शियों ने कुत्ते को भगाया और नवजात के शव को सुरक्षित स्थान पर रखकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। स्थानीय लोगों का आरोप है कि मेडिकल कॉलेज और जिला अस्पताल में नवजात की मृत्यु होने पर कुछ परिजन अंतिम संस्कार की उचित व्यवस्था करने के बजाय शव को सुनसान स्थानों पर छोड़ देते हैं। आवारा कुत्ते उन्हें घसीटकर आबादी वाले क्षेत्रों तक ले आते हैं। प्रत्यक्षदर्शी आदर्श तिवारी ने कहा कि तीन-चार दिनों में इस तरह की यह दूसरी-तीसरी घटना है। सीएमओ दुर्गेश ठाकुर ने बताया कि मुक्तिधाम के सामने नवजातों के दफन के लिए अलग व्यवस्था की गई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### चंद्र ग्रहण-सूतक का असर: आज खेली जाएगी रंगों की होली

## शहर में 200 से ज्यादा स्थानों पर हुआ होलिका दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

पांच दिवसीय रंगोत्सव की शुरुआत सोमवार रात होलिका दहन के साथ श्रद्धा और परंपरा के माहौल में हुई। शहर में 200 से अधिक स्थानों पर शुभ मुहूर्त में होलिकाएं जलाई गईं। चंद्र ग्रहण और सूतक काल के कारण इस बार रंगों का पर्व आज 4 मार्च को मनाया जाएगा।

रात में विधिवत पूजा-अर्चना के बाद कंडे और गोकाष्ठ से होलिका प्रज्वलित की गई। मोहल्लों और चौराहों पर महिलाओं ने पारंपरिक रीति से होलिका पूजन कर परिवार की सुख-समृद्धि और आरोग्यता की कामना की। देर रात तक होलिका दहन का क्रम चलता रहा। होलिका दहन के दौरान बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दीं। बच्चों ने बड़ों के पैर छूकर आशीर्वाद लिया। परंपरा अनुसार श्रद्धालु घरों से गेहूं की बालियां लेकर पहुंचे और होलिका की अग्नि में सेंककर परिक्रमा की। पवित्र अग्नि की आंच घर ले जाने की परंपरा भी निभाई गई, जिसे स्वास्थ्य और सकारात्मक ऊर्जा से जोड़कर देखा जाता है। शहर के कई इलाकों में 'मलनिया' जलाने की परंपरा भी निभाई गई। नवमीं से गोबर की गोल-गोल मलनिया बनाकर होलिका के जले कंडे से उसमें आग लगाई जाती है। इसमें बाटियां सेंककर प्रसाद के रूप में परिवार में बांटी जाती हैं। मलनिया की माला घर में टांगी जाती है, जिसे नकारात्मक ऊर्जा दूर करने का प्रतीक माना जाता है।



## होली पर बेचने की नियत से लाए थे शराब, 2 गिरफ्तार

### शुष्क दिवस पर 315 पाव अवैध शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

शुष्क दिवस पर अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए आबकारी विभाग ने 315 पाव शराब जब्त की है। कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देश पर आबकारी विभाग की टीम ने विशेष अभियान चलाया।

रामलीला मैदान के सामने शमशान रोड पर दबिश देकर विनोद बघेल निवासी राजपूत कॉलोनी के पास से 300 पाव देशी प्लेन शराब बरामद की गई। आरोपी शुष्क दिवस पर बिक्री के उद्देश्य से शराब लाया था। मामला दर्ज कर आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। जब्त शराब की कीमत करीब 21 हजार रुपए आंकी गई है। इसी तरह बरईपुरा क्षेत्र में नरेन्द्र चोकसे को 15 पाव देशी मसाला शराब के साथ पकड़ा गया।




### खबर संक्षेप

#### कुरवाई की महिलाओं ने बनाया हर्बल गुलाल

**विदिशा।** कुरवाई तहसील के ग्रामों में स्व-सहायता समूहों की 18 इकाइयों ने होली के अवसर पर 280 किलो हर्बल गुलाल तैयार किया। महिलाओं ने गुड़हल, गुलाब, पलाश और गेंदे के फूलों व पत्तियों से सुगंधित, रसायनमुक्त गुलाल बनाया। 100 ग्राम के 20 पैकेटों की बिक्री सहित कुल 35 हजार रुपए की आय अर्जित हुई। आजीविका मिशन के जिला समन्वयक ने बताया कि यह प्राकृतिक गुलाल त्वचा के लिए सुरक्षित है और बीमारियों की आशंका नहीं रहती। इससे महिलाओं को स्वरोजगार मिला और जिलेवासियों को सुरक्षित रंग उपलब्ध हुए।

#### कॉलोनियों के नाम जोड़ने 2 दिन में दस्तावेज जमा करने के निर्देश

**विदिशा।** जिले में अचल संपत्तियों की दरों के निर्धारण के लिए वर्ष 2026-27 की गाइडलाइन तैयार करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। वरिष्ठ जिला पंजीयक क्षिप्रा सेन ने बताया कि जिन कॉलोनाइजरों और बिल्डरों को अपनी कॉलोनी का नाम नई गाइडलाइन में शामिल कराना है, वे निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत करें। आवेदन के साथ कॉलोनी की विधिवत स्वीकृति, ले-आउट प्लान, सक्षम प्राधिकारी की अनुमति तथा अन्य आवश्यक अभिलेख संलग्न करना अनिवार्य होगा। इच्छुक आवेदक आगामी दो दिवस के भीतर जिला पंजीयक एवं संबंधित उप पंजीयक कार्यालय में आवेदन जमा कर सकते हैं। निर्धारित समय-सीमा के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गाइडलाइन में कॉलोनी का नाम दर्ज होने से संपत्ति पंजीयन में पारदर्शिता, सुव्यवस्था और राजस्व निर्धारण में सुविधा सुनिश्चित होती है।

#### राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर संगोष्ठी आयोजित

**विदिशा।** राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, विदिशा में विज्ञान संकाय द्वारा संगोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. वनिता वाजपेई ने किया। उन्होंने सीवी रमन के वैज्ञानिक योगदान को स्मरण करते हुए विद्यार्थियों को वैज्ञानिक सोच अपनाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के बढ़ते प्रभाव, उसके सदुपयोग और चुनौतियों पर प्रकाश डाला।विज्ञान संकायाध्यक्ष डॉ. आरके भीमटे ने राष्ट्रीय एआई सम्मेलन के निष्कर्ष साझा किए। वर्ष 2026 की थीम विज्ञान में महिलाएं विकसित भारत को गति देने वाली पर विशेष चर्चा हुई और महिला वैज्ञानिकों के योगदान को रेखांकित किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य के सफल एक वर्ष पूर्ण होने पर अभिनंदन किया गया। अंत में डॉ. अजय सिंह हजारी ने प्रेरक गीत प्रस्तुत किया।

#### 10 मार्च तक बढ़ी पर्यटक स्थलों की फोटो-रील कॉन्टेस्ट की तिथि

**विदिशा।** जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद एवं जिला प्रशासन विदिशा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित पर्यटक स्थलों की फोटो व रील सबमिशन कॉन्टेस्ट की अंतिम तिथि अब 10 मार्च कर दी गई है। जिलेवासी अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर फोटो, रील या वीडियोग्राफी अपलोड कर निर्धारित गूगल फॉर्म भर सकते हैं। अब तक 31 प्रतिभागी सहभागिता कर चुके हैं। विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार दिए जाएंगे।

#### सड़क हादसे में एक की मौत, दूसरा घायल

**गुलाबगंज।** सड़क हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। उसका एक साथी गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सालय रेफर किया गया है। यह घटना बासौदा रोड स्थित शराब दुकान के पास हुई। ड्राइवर मौके से फरार हो गया। थाना प्रभारी सुरेंद्र सोलंकी ने घटना की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मृतक की पहचान समीर निवासी अनिक कुशवाह (26) के रूप में हुई। घायल युवक कार्तिक मोंगिया (26) उदयपुर का रहने वाला है।

## खबर संक्षेप

### एसडीएम ने की आंगनबाड़ी केंद्रों की जांच

**गंजबासौदा।** गत दिवस एसडीएम अनुभा जैन ने आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया। ज्ञात हो कि महिला एवं बाल विकास विभाग ने पिछले दो वर्षों में आठ आंगनबाड़ी केंद्र बनवाए। एसडीएम ने इनका औचक निरीक्षण किया। नए भवन की छत से पानी टपकने की शिकायत मिली। पंखों की संख्या तय मानक से कम मिली। एसडीएम ने संबंधित अफसरों को कमियां जल्द सुधारने के निर्देश दिए है। निरीक्षण में वार्ड क्रमांक 20 और 14. के दो केंद्रों के साथ वार्ड 15, 10, 8 और 7 के आंगनबाड़ी केंद्र देखे गए। स्टेशन एरिया स्कूल, जनपद आंगनवाड़ी केन्द्र शिक्षा केंद्र, वार्ड 8 स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का भी निरीक्षण किया गया।

### जंगली सुअर फसलों को पहुंचा रहे नुकसान

**गंजबासौदा।** उदयपुर सहित आधा दर्जन गांव में जंगली सुअर किसानों की रबी फसलों को बर्बाद कर रहे हैं। किसानों ने बताया कि गेहूं और चने की फसल को भारी नुकसान हो रहा है। फसल बचाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। खेतों के चारों ओर रंग बिरंगी साड़ियां बांध रहे हैं, पटाखे फोड़ रहे हैं। चमकीली पन्नियां भी लगाई गई हैं। लेकिन कोई तरीका कारगर नहीं हो रहा। रात में जंगली सूअर खेतों में घुसकर फसल उजाड़ रहे हैं। किसानों को हमले का डर भी सता रहा है, वहीं मजदूर भी दहशत में हैं। हमले के डर से किसान रात में खेतों में नहीं रुकते। किसानों ने बताया कि जंगली सूअर कई बार लोगों पर हमला कर चुके हैं। इससे क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

### इलाके में बार-बार हो रही बिजली गुल

**गंजबासौदा।** इन दिनों नगर सहित ग्रामीण अंचलों में विद्युत वितरण कंपनी द्वारा बगैर सूचना के अघौषित रुप से विद्युत कटौती की जा रही है। जिससे नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ताओं को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मंगलवार को होली के पर्व के दौरान भी नगर के पचमा बायपास क्षेत्र सहित अनेक वार्डों में दिन में कई बार बिजली प्रदाय बंद हुआ। बिजली के अभाव में असुविधाओं का सामना करना पड़ा। नागरिकों ने अघौषित बिजली कटौती बंद करने की मांग की है।

**चंद्रग्रहण के विभिन्न रूप...**







**गंजबासौदा।** मंगलवार को साल 2026 का पहला चंद्र ग्रहण रहा। हिंदू धर्म में चंद्र ग्रहण को सिर्फ खगोलीय घटना नहीं, बल्कि धार्मिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण माना जाता है। जब पृथ्वी सूर्य और चंद्रमा के बीच आ जाती है और उसकी छाया चंद्रमा पर पड़ती है, तब चंद्र ग्रहण होता है. इस दौरान चंद्रमा का रंग हल्का लाल या तांबे जैसा दिखाई देता है, इसलिए इसे 'ब्लड मून' भी कहा जाता है। चंद्रग्रहण के दौरान विभिन्न छायाचित्र छायाकार राजा छारी ने अपने कैमरे में कैद किए।

### इलाके भर में आज खेली जाएगी रंग गुलाल से होली, भाई दोज कल

# शहर में उत्साह के साथ शताधिक स्थानों पर हुआ होलिका दहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

इलाके में देर रात्रि को शताधिक स्थानों स्थानों पर उत्साह के साथ होलिका दहन हुआ। नगर में प्रथम होलिका दहन शीतला माता मंदिर परिसर में रात्रि में हुआ। इसके बाद नगर के अन्य वार्डों में होली दहन की शुरुआत हुई। पाठशाला ग्राउण्ड सहित नगर में देर रात तक तक सभी जगह होली दहन हो चुका था। इस दौरान नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव, नपा सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता मनोज यादव, पप्पू समैया, अंटू तोमर, नितिन यादव सहित पाठशाला परिवार ने विधि विधान से पूजन अर्चन कर होलिका दहन किया। वहीं ग्राम पिथौली धाम बालाजी बांकागढ में रात्रि के समय नारियल होली दहन का आयोजन किया गया। होलिका दहन के लिए नगर में जगह जगह डांडे लगाए गए थे। सोमवार को होलिका दहन के पूर्व होली उत्सव समितियों ने इन स्थानों पर कंडे एकत्रित कर होलिका दहन की तैयारियां कीं गईं। इस दौरान वार्ड क्रमांक 24 में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी कंडों एवं प्रतिमा के साथ होलिका की आकर्षक झांकी सजाई गई, जिसका दहन किया गया। मंगलवार को साल का पहला चंद्रग्रहण होने के चलते सुबह से सूतक लग जाने से रंग, गुलाल से होली नहीं खेली गई। दोपहर तीन बजकर 20 मिनिट से 6 बजकर 47 मिनिट तक चंद्रग्रहण रहा। चंद्रग्रहण के समापन के बाद सूतक समाप्त हुआ। सुबह से सूतक लग जाने एवं चंद्रग्रहण के चलते दिन भर मंदिरों के पट बंद रहे। लोग अपने घरों एवं मंदिरों में भगवान का जाप करते रहे एवं चंद्रग्रहण समाप्त होने पर दान आदि किया। ग्रहण समाप्त होने के बाद मंदिरों की साफ-सफाई के बाद मंदिर को पवित्र कर भगवान की विशेष पूजा-अर्चन हुई। बुधवार को नगर सहित इलाके भर में होली उत्सव मनाया जाएगा। सुबह से ही बच्चे रंग गुलाल लेकर एक दूसरे को लगाते नजर आएंगे। कई जगह लोगों ने गोटों का आयोजन भी किया जाऐगा। होली के त्यौहार के अवसर पर पुलिस प्रशासन भी चौकस रहेगा। उधर सदर बाजार में 251 वर्ष पुरानी अनरय की पंचायत का आयोजन किया जाऐगा। बुजुर्गों ने ढाई सौ वर्ष पूर्व अनरय की पंचायत की परंपरा की शुरुआत की थी उसे आज नई पीढ़ी के युवा निभा रहे हैं। इस परंपरा का आयोजन हर वर्ष होली की धुलेंडी के अवसर पर किया जाता है। सांप्रदायिक सौहार्द्र की मिशाल के साथ इस पंचायत में मुस्लिम समाज के लोग भी शिरकत करते हैं। प्रतिवर्ष सदर बाजार स्थित स्व. गोपालजी धन्ना लाल के चबूतरे पर अनरय की पंचायत बैठती है। पंचायत में सर्वसम्मति से सरपंच चुना जाता है। जिन परिवारों में गमी हुई थी उन्हें रंग लगाने का अधिकार दिया जाता और यह टोली उन परिवारों के यहां रंग गुलाल लगाकर अनरय दूर करने के लिए निकलती है। घर घर पहुंच कर अनरय दूर करने के पश्चात पंचायत का लेखा-जोखा बताने के बाद अगले वर्ष तक के लिए इसका समापन कर दिया जाता है। वहीं समीपस्थ ग्राम फूफैर में पचमढ़ी के पास स्थित सिद्ध स्थान लटूरिया महाराज के स्थान पर दूज के दिन ग्रामीणों द्वारा रंग, गुलाल लगाकर भगवा ध्वज चढ़ाकर, गुड़ की प्रसादी का वितरण किया जाता है।







## छुरी मारकर जानलेवा हमला करने वाले आरोपियों को 24 घंटे में पकड़ा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शहर थाना पुलिस ने बरेठ क्षेत्र में कालोनाइजर व्हाट्सएप ग्रुप से हटाने की बात को लेकर हुए विवाद में जानलेवा हमला करने वाले आरोपियों को झांसी से 24 घंटे में पकड़ने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार कालोनाइजर व्हाट्सएप ग्रुप से हटाने को लेकर आरोपियों द्वारा फरियादी शुभम पाल के साथ गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की नियत से धारदार हथियार चाकू से हमला कर घायल कर दिया गया था तथा डंडे से मारपीट की गई थी। फरियादी की रिपोर्ट पर शहर थाना पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध धारा 109(1), 115(2), 296(b), 3(5), 351(3) भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया था। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन एवं एसडीओपी शिखा भलावी के मार्गदर्शन में शहर थाना पुलिस ने विशेष पुलिस टीम का गठन किया। गठित पुलिस टीम द्वारा प्रकरण में प्राप्त भौतिक एवं तकनीकी साक्ष्यों का विश्लेषण किया गया तथा मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपियों की तलाश की गई। सतत प्रयासों के परिणामस्वरूप तीनों फरार आरोपियों को झांसी उत्तर प्रदेश से घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक लोहे का चाकू एवं एक डंडा जब्त किया गया। आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया।

आरोपियों में धर्मेन्द्र उर्फ बंटी पंथी उम्र 32 वर्ष निवासी रामनगर कालौनी, रोहित परिहार उम्र 33 वर्ष निवासी रामनगर कॉलोनी, आकाश विश्वकर्मा उम्र 33 वर्ष निवासी बरेठ रोड शामिल हैं। उक्त कार्रवाई में शहर थाना प्रभारी संजय वेदिया, सियाराम शर्मा, सतेन्द्र रावत, अखिलेश राजावत, सुमित अवस्थी, अभिषेक शुक्ला, उरजन, सुरजीत, अरुण छारी, आजाद सिंह की सक्रिय एवं सराहनीय भूमिका रही। जिसके चलते 24 घंटे के भीतर आरोपियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की गई।

### पद्मश्री डॉ बीके जैन को दी श्रद्धांजलि

**गंजबासौदा।** स्थानीय मिल रोड स्तिथ सद्गुरु विज़न सेंटर पर पद्मश्री डॉ बी के जैन के निधन के पश्चात उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि स्वर्गीय श्री नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान द्वारा दी गई। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले ने उनके कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें नेत्र रोगियों का मसीहा निरूपित किया। उन्होंने सदगुरुदेव स्वर्गीय श्री रणछोड़ दास जी क़े मार्गदर्शन में 1974 से एक कमरे से नेत्र अस्पताल शुरू किया था आज उसी अस्पताल में लगभग 2 लाख नेत्र रोगियों का ऑपरेशन किया जाता है। डॉक्टर एके जैन ने उनके जीवन के बारे में विस्तार से बतलाया। इस अवसर पर समाजसेवी सुरेंद्र भारद्वाज ने भी उनके जीवन के बारे में बतलाया कि उनके नेतृत्व में सद्गुरु अस्पताल चित्रकूट ने नई ऊंचाइयां स्थापित की। वहीं जगदीश अग्रवाल और हेमंत भंडारी ने भी उनको अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके बारे में कहा कि वे संपूर्ण जीवन पर्यंत नेत्र रोगियों के लिए काम करते रहे। डॉक्टर राजकरण वर्मा ने भी बताया कि चित्रकूट में जो सद्गुरु का जो नेत्र रोगियों क़े लिए अस्पताल स्थापित किया उसके लिए उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन लगा दिया। इस अवसर पर अनेक लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उन्हें अपने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।



### रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म एक पर फैल रहा पानी, हो सकता है हादसा

**गंजबासौदा।** स्थानीय रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म क्रमांक एक पर पानी फैलने से यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पेयजल के लिए लगाए गए प्याऊ के पास जल निकासी की उचित व्यवस्था न होने के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई है। स्टेशन पर यात्रियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्याऊ स्थापित किए गए हैं। हालांकि प्लेटफॉर्म एक पर लगे प्याऊ से पानी पीने के बाद जल निकासी की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है, जिससे पानी प्लेटफॉर्म पर ही जमा होकर फैल रहा है। यात्रियों ने बताया कि प्याऊ से निकला पानी पूरे प्लेटफॉर्म पर फैल जाता है, जिससे यात्रियों को आने-जाने में दिक्कत होती है और गंदगी भी बढ़ती है। एक अन्य यात्री हिम्मत सिंह दांगी के अनुसार, दिनभर पानी फैले रहने के कारण प्लेटफॉर्म फिसलन भरा रहता है। कई यात्री ट्रेन आने पर अपनी बोगी तक पहुंचने के लिए दौड़ते हैं, लेकिन फैले हुए पानी के कारण फिसलकर दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। पूर्व में भी पानी के कारण फिसलकर कई यात्री चोटिल हो चुके हैं। यात्रियों की सुविधा के लिए इस गंभीर समस्या पर रेलवे प्रबंधन द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। यात्रियों का कहना है कि बार-बार शिकायत के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो रहा है, जिससे उनकी परेशानी लगातार बनी हुई है।



## छात्रा का राज्य स्तरीय शिविर में हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सुभद्रा शर्मा शासकीय कन्या महाविद्यालय की छात्रा प्रियंका दांगी बीए द्वितीय वर्ष का चयन राष्ट्रीय सेवा योजना के राज्य स्तरीय शिविर के लिए हुआ है। यह शिविर चित्रकूट में लगाया जा रहा है। यह चयन महाविद्यालय एवं क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। प्रियंका दांगी मेधावी एवं सक्रिय छात्रा हैं और राष्ट्रीय सेवा योजना की गतिविधियों में निरंतर सक्रिय भागीदारी करती रही हैं। उन्होंने स्वच्छता अभियान, पौधरोपण, जागरूकता रैली, रक्तदान शिविर तथा सामाजिक सेवा कार्यक्रमों में उल्लेखनीय योगदान दिया है। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ अनामिका प्रजापति, राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी शिव कुमारी रघुवंशी सहित महाविद्यालयीन परिवार ने प्रियंका दांगी को इस उपलब्धि पर शुभकामनाएँ दी हैं। प्राचार्य ने कहा कि इस प्रकार की उपलब्धियाँ अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बनती हैं।



### डॉ. रामकमलाचार्य वेदांती महाराज सहित अन्य संतों ने अपने विचार व्यक्त किए

# भक्ति वेदांत मंदिर में संत सम्मेलन में संतों ने भरी हुंकार






हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

रंगों की आड़ में यदि मन का विकार बढ़े तो वह होली नहीं, होलिका बन जाती है। लेकिन जब वही रंग प्रभु के चरणों में अर्पित हों, जब गुलाल ठाकुरजी की अंजलि में समर्पित हो, तब वही होली साधना का महापर्व बन जाती है। श्रीजीपुरम सुनरख रोड स्थित भक्ति वेदांत मंदिर में सोमवार को होली महोत्सव एवं भागवत कथा के अंतर्गत आयोजित हुए संत सम्मेलन में भाव प्रवाहित करते हुए संतों ने चेताया कि होली के नाम पर बढ़ती उदंडता ब्रज संस्कृति के लिए चिंता का विषय है। यह पर्व अशलीलता का प्रदर्शन या मर्यादा भंग करने का अवसर नहीं है। वृंदावन की होली भक्ति और भगवान के भाव की होनी चाहिए, ना कि अनुशासनहीनता। नगर के जीवाजीपुर स्थित वेदांत आश्रम एवं संत जगन्नाथदास संस्कृत विद्यालय के संस्थापक, वृंदावन में भक्ति वेदांत मंदिर के संस्थापक काशी पीठाधीश्वर जगदगुरु डॉ रामकमलाचार्य वेदांती महाराज ने कथा मंच से अपने उद्बोधन में कहा कि होली का रंग एक दिन का है, पर भक्ति का रंग जीवनभर का है। उन्होंने कहा कि साधना का शत्रु कोई बाहरी नहीं, भीतर बैठा अहंकार है। जब तक 'मैं' का रंग चढ़ा है, तब तक 'मेरा' का मोह बना रहेगा। और जहां 'मैं' है, वहां भगवान का पूर्ण अनुभव नहीं हो सकता। रामानंद हितकारिणी परिषद के अंतर्राष्ट्रीय सेक्रेटरी पंडित राम भारत शास्त्री ने बताया कि भक्ति वेदांत मंदिर में ठाकुर जी की फूलों के साथ होली होगी जो भक्तों और ठाकुर जी के बीच होगी। वृंदावन की होली को लेकर सनातन की अस्मिता पर संतों की चिंताकथा के उपरांत आयोजित हुए संत सम्मेलन में वृंदावन के अलावा अन्य तीर्थ क्षेत्र से आए संतों, रसिक विद्वानों, जगतगुरु, महामंडलेश्वर शंकराचार्यों ने वृंदावन में होली को लेकर जो अपवाह फैलाई जा रही है इसका उद्देश्य श्रद्धालुओं, भक्तों को ठाकुर जी की होली के उत्सव से दूर किया जा रहा है, यह विधर्मियों की एक सोची समझी हरकतें हैं। होली के नाम पर वृंदावन में जो दृश्य आज कहीं-कहीं दिखाई देता है, वह ब्रज की परंपरा नहीं है। वृंदावन वह भूमि है जहां भगवान श्रीकृष्ण ने गोपियों संग प्रेम का रंग खेला। संत सम्मेलन में रामानंदाचार्य संप्रदाय के जगदगुरु काशी पीठाधीश्वर डॉ. राम कमलाचार्य वेदांती महाराज, जगद्गुरु नाभा पीठाधीश्वर सुदीक्षणदास महाराज सुदामा कुटी श्रीधाम वृंदावन, श्रीमद् जगदगुरु द्वाराचार्य, नरहरियानंद बालक देवाचार्य महाराज वाराणसी, श्रीमद् जगदगुरु द्वाराचार्य भैयादास बल्लभगढ़, कांगड़ा पीठाधीश्वर शंकराचार्य शारदानंद सरस्वती महाराज, तुलसी तपोवन गौशाला विजय कौशिक महाराज, हनुमान टेकरी दशरथदास महाराज, मनोज मोहन शास्त्री, आचार्य रामकृपाल पाठी, आचार्य बद्रीश महाराज, भागवताचार्य विमल पाठक, हरिदास संप्रदाय के मोहिनीशरण सखी महाराज वृंदावन, रामविलास चतुर्वेदी वृंदावन ने मंच से अपने-अपने विचार रखे। कथा के यजमान मनोहर सिंह, अर्चना सिंह राजपूत, संघ के प्रचारक राकेश परमार, अजय सिंह रघुवंशी, देवेंद्र रघुवंशी, वेदांत आश्रम ट्रस्ट के सचिव सौरव सुहाने, रामराज रघुवंशी सहित अनेक भक्त मौजूद थे।

# मुस्लिम राष्ट्रीय मंच ने की गौमाता के दूध, खजूर से सेहरी इफ्तार की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

रमजान का पाक महीना शुरू हो गया है, इस्लाम में इसे बेहद तव्वजो दी जाती है। इसमें मुस्लिम समुदाय के मानने वाले तीस दिन रोजा रखकर अल्लाह की इबादत कर अपने गुनाहों से माफ़ी मांगने के साथ मुल्क और समाज की तरक्की के लिए दुआ करते हैं। इसी के साथ ही अब मुस्लिम राष्ट्रीय मंच ने अपने कार्यकर्ता पदाधिकारीगण व सदस्यों सहित गौमाता के दूध व खजूर से रोजा खोलने की सलाह दी है, साथ ही आग्रह किया है अपने बच्चों में कौम और वतन के लिऐ कुर्बान होने का जज्बात पैदा करने हर रोज एक शहीद ऐ वतन और एक पैगम्बर एक नबी की कहानी जरूर सुनाऐ। मुस्लिम राष्ट्रीय मंच गौ सेवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय सह संयोजक सैयद शफाकत हुसैन कादरी ने कहा कि रोजेदारों को गाय के दूध से इफ्तार करना अफजल होगा, क्योंकि अल्लाह के नबी ने गाय के दूध में शिफा बताई है। उन्होने हदीस के हवाले से गाय के दूध और घी के मक्खन के फायदे गिनाए। कहा कि हदीस में पैगंबरे इस्लाम ने गाय के दूध में बीमारियों से शिफा, घी और मक्खन के इस्तेमाल को इंसानों के लिए मुफीद बताया है। लिहाजा रोजेदारों को पाक माह रमजान में खजूर के साथ गाय के दूध का खून इस्तेमाल करना चाहिए। इससे बीमारियां कम होगी और सेहतमंद समाज का निर्माण होगा। जहन और जहान को साफ बनाने के लिए घर आंगन से लेकर खेत खलियान में फल एवं छायादार वृक्ष लगाने की अपील भी की, घर गली मोहल्ले को साफ रखने में सहयोग करें। गरीब बेसहारा और लाचार लोगों की रोजगार के रूप में देकर गदद करें, ताकि भविष्य में वे दूसरों के मोहताज नहीं रहे, विकसित भारत बनाने अपना योगदान दें। कार्यक्रम में शादाब अली ने कहा कि हिंदू और मुसलमानों का वंश एक ही है।



होली का दहन में कच्ची बाली भून मांगी सुख-समृद्धि की कामना

# बंदूक की निकली आग से जली होली नवाबी काल से चली आ रही परंपरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

सोमवार रात विभिन्न क्षेत्रों में होलिका दहन शुभ मुहूर्त में विधि विधान पूर्वक किया गया। होली जलने पर लोगों ने रोली चावल चढ़ाकर होली की सात पर अर्ध्य देकर परिक्रमा की।

शहरी एंव ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न स्थानों पर मंत्रोचारण के साथ होली दहन किया गया। साथ ही कई स्थानों पर होली के गीत के साथ दहन किया गया। इससे पूर्व महिलाओं ने विधि विधान के साथ होली का पूजन किया। होली सिर्फ रंगो का ही नहीं एकता, सदभाव एवं प्रेम का प्रतीक भी मानी जाती है। इस दिन कई लोग व्रत कर भगवान में अपनी आस्था मजबूत करते है। इसी के साथ बसंत के इस पर्व के बाद नए मौसम की शुरूआत होती है। जिससे खेत खलियान नई फसल के साथ लहराते है। जबकि होलिका दहन के बाद होलिका में लोग कच्ची बालियां भूनते है। साथ ही प्रसाद के रूप में ग्रहण करते है। होलिका दहन को बुराई पर अच्छाई की जीत मानी जाती है। वहीं पंचकुईया क्षेत्र में स्थित हनुमान मंदिर परिषर में रात्रि 1:30 बजे के आसपास परपरांनुसार बंदूक की गोली से अग्नि प्रज्वलित कर होलिका का दहन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।



### रंग गुलाल लगाकर दी बधाई

होलिका दहन के साथ ही अब पांच दिवसीय रंगो के त्योहार की शुरूआज हो गई जो कि अब पांच दिनों तक नगर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएगे। आज नगर में धुडेंरी खेली जाएगी। मुख्य बाजार में युवाओं की टोलियां जमकर रंग बरसाएगें। साथ ही भाईदूज पर नगर मे कलगी-तुर्रा निकाला जाएगा।

### बंदूक से निकली आग हुआ होलिका दहन

सोमवार की रात्रि नगर में 35 से अधिक स्थानों पर होलिका दहन किया गया। वहीं शहर की सबसे बड़ी व प्रमुख होलिका दहन नगर के पंचकुईया इलाके में स्थित हनुमान मंदिर घाट पर बंदूक से निकली आग से किया गया। इस मुख्य होली का दहन माथुर परिवार के सदस्यों द्वारा भरमार बंदूक से फायर कर होलिका दहन किया गया। इसके बाद अन्य इलाकों में होलिका दहन हुई। मुख्य होली दहन के लिए अग्नि प्रज्वलित करने का अधिकार नवाबी शासनकाल के दौरान माथुर परिवार को मिला था। उस समय नगर दो हिस्सों में विभाजित था। एक हिस्सा मुन्नू भैया कानूनगो के पास था तो दूसरे हिस्से के कानूनगो प्रताप राय थे। मुन्नू भैया कानूनगो ने प्रेमनारायण माथुर परिवार को होली की आग प्रज्वलित करने का अधिकार दिया था।

### 150 वर्ष पुरानी है परंपरा

वरिष्ठ शिक्षक संजीव माथुर ने बताया कि सिरोंज की ऐतिहासिक होली माथुर परिवार के द्वारा जलाई जाती है यह परंपरा करीब 150 साल पुरानी है ऐसा बताया जाता है कि नवाबी समय में नवाबों के द्वारा होली जलाने को मना किया गया था उसी समय समाज के प्रबुद्ध जनों के सहयोग से यह निर्णय लिया गया की इस परंपरा को निरंतर चलाया जाएगा। इस परंपरा को चलाने हेतु एक घास का गंज लगवाया गया और माथुर परिवार के सदस्य द्वारा बंदूक से उस गंज में आग लगा दी गई। यह परंपरा तभी से प्रारंभ हो गई अब सिरोंज की यह होली बंदूक के द्वारा ही जलाई जाती है यह होली सिरोंज की सबसे प्राचीन होली है। इस होली की अग्नि से ही बाकी सभी होली जलाई जाती है वर्तमान में यह होली कांति प्रसाद माथुर के परिवार के द्वारा जलाई जाती है।

अष्टान्हिका महापर्व का हो रहा आयोजन

# श्री 1008 सिद्ध चक्र महामंडल विधान का 51 समवशरण के साथ भव्य आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

दिगम्बर जैन तीर्थ क्षेत्र नसिया जी पर अष्टान्हिका महापर्व श्री 1008 सिद्ध चक्र महामंडल विधान का 51 समवशरण के साथ भव्य आयोजन चल रहा है। पूज्य मुनि श्री 108 निरंजन सागर जी महाराज के मंगल आशीर्वाद एवं प्रतिष्ठाचारी बालब्रह्मचारी पारस भैया जी एवं ब्रह्मचारी जीतू भैया के निर्देशन में पूज्य गुरुदेव आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज के मंगल आशीर्वाद एवं नवाचार्य श्री 108 समय सागर जी महाराज के आशीर्वाद से अज्ञानुवर्ती शिष्य पूज्य मुनि श्री 108 निरंजन सागर जी महाराज के मंगल सानिध्य में सभी कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें जिन सहस्त्रनाम के 1008 अर्घ के साथ विधान की अंतिम पूजा पूर्ण हुई 51 भव्य समवशरण में विधान की भव्यता देखने को मिल रही है इन्द्र इंद्राणियों का समूह संगीत की लहरियो में उत्साह से झूम रहा है भक्ति में समस्त कार्यक्रम निश्चित समय पर चल रहे है। प्रातः काल अभिषेक शांति धारा पूजन नंदीश्वर पूजन उसके पश्चात सिद्ध भक्ति एवं विधान का कार्यक्रम उसके पश्चात पूज्य गुरुदेव के मंगल प्रवचन में नंदीश्वर मंदिर पर प्रकाश डालते हुए एवं जिनोदय तीर्थ पर हो रहे कार्य में संपूर्ण जैन समाज द्वारा आयोजन में वढ चढ़कर हिस्सा लिया जा रहा है।

### सिद्ध चक्र महामंडल विधान की भव्य महा आरती

प्रत्येक शाम को 7 बजे महा आरती का आयोजन सिद्ध चक्र महामंडल विधान की भव्य महा आरती सभी समाजजन की ओर से की जा रही है। जिसमें समस्त समाजजन एकत्रित होकर कार्यक्रम को भव्य बना रहें है। अभी तक सिरोंज में ऐसा कभी कार्य नहीं हुआ। जिसमें 51 समवशरण मंडल विधान हुआ हो महिला मंडल की सभी सदस्य ने कहा कि ऐसा महान आयोजन का सहभागी बनना पुण्य का कार्य है। जैन समाज मे इस उत्सव को लेकर काफी उत्साह देखा जा रहा है। तो वही जिनोदय तीर्थ क्षेत्र के विकास के लिए सभी को मिलजुल कर सहयोग करना चाहिए। जिससे क्षेत्र का विकास हो और आचार्य गुरुदेव का पर्दापण होकर पंचकल्याणक को प्राप्त कर क्षेत्र का नया रूप बन रहा है। सबसे प्राचीन जैन सहस्त्रनाम का पाठ मंत्र जैन में ही मिलता है मुनि श्री निरंजन सागर जी महाराज ने बताया कि दूसरी शताब्दी में आचार्य जिनसेन महाराज द्वारा लिखे गए आदि पुराण जिन सहस्त्रनाम के पाठ का उल्लेख आता है सो धर्म इंद्र प्रभु से दोनों प्रसाद से परिवर्तित किया जा सकते हैं। ठंड के मौसम में स्नान करने के लिए जिस प्रकार से आप ठंडा पानी को प्रसाद से गर्म करके सेनानियों प्रयोग लेते हैं। बस वैसा ही पुरुषार्थ आपके अपने विपरीत समय में करना है। आपका आज का पुरुषार्थ ही आपके कल के भविष्य का निर्णायक होता है। आज अनुष्ठान के में कर्मों पर विजय प्राप्त करने की भावना से अर्घ समर्पण किया।

### सिरोंज नगरी में पहली बार हो रहा अनुष्ठान

इस अवसर पर देवेंद्र जैन ने कहा कि मैं अपनी इतनी उम्र में ऐसा अनुष्ठान सिरोंज नगरी में नहीं देखा। अष्टान्हिका महापर्व में विधान का अत्यंत आध्यात्मिक और धार्मिक महत्व है। यह 8 दिनों तक नंदीश्वर द्वीप की आराधना सिद्धचक्र महामंडल विधान आत्म शुद्धि कठिन तप और पूजा-अर्चना के द्वारा पुण्य संचय करने का अवसर है। यह पर्व आत्मा को बुरे विचारों से मुक्त करने और नंदीश्वर द्वीप के 52 जिनालयों की भावना भाने के लिए मनाया जाता है। वही उन्होने नंदीश्वर द्वीप की पूजा की मान्यता बताते हुए कहा कि इन आठ दिनों में देवगण नंदीश्वर द्वीप में जाकर पूजा करते हैं और हम मनुष्य यहाँ विधान के माध्यम से उस दिव्य पूजा में सम्मिलित होते हैं। इन आठ दिनों में व्रत उपवास नियम और संयम द्वारा भक्त अपनी आत्मा को शुद्ध करते हैं। यह इस पर्व का मुख्य अनुष्ठान है जो नंदीश्वर द्वीप की अकृत्रिम चैत्यालयों की आराधना के लिए किया जाता है। यह शाश्वत पर्व है जिसमें विशेष विधान द्वारा भक्त पुण्य का संचय करते हैं। इस विधान का आरंभ मैना सुंदरी द्वारा श्रीपाल के कुष्ठ रोग को दूर करने के लिए की गई आठ दिवसीय साधना से माना जाता है जो इसके चमत्कारिक प्रभाव को दर्शाता है। इन दिनों में सिद्ध भगवान की उपासना और सिद्धचक्र की पूजा के माध्यम से जीवन में सकारात्मकता और ऊर्जा का संचार होता है।

डीएम के निर्देश पर होटल, भोजनालय व मिष्ठान भंडार का किया निरीक्षण

# जन जीवन के स्वस्थ से खिलवाड़ बर्दाशत नहीं: डीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

होली पर्व के दृष्टिगत मिलावटी खाद्य पदार्थों की रोकथाम और जनसामान्य के स्वास्थ्य के प्रति जिलाधिकारी सत्यप्रकाश बेहद गंभीर हैं, जिसके लिए उन्होंने त्यौहार के पूर्व से ही पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों की टीमों को ऐसे मिलावटखोरों की धरपकड़ के लिए एक्टिव कर दिया है, जिसके फलस्वरूप जनपद के शहरी व ग्रामीण इलाकों में ये टीमें युद्ध स्तर पर खाद्य पदार्थों की सैंपलिंग कर रहीं हैं और मौके पर मिल रहे नकली खाद्य पदार्थों को नष्ट भी करा रही हैं। इस संबंध में जिलाधिकारी का कहना है कि किसी भी दशा में जनपदवासियों की सेहत से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, मिलावटखोरों के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलता रहेगा और अगर कोई अब भी मिलावटी व नकली खाद्य पदार्थों का व्यापार करता हुआ पाया जाता है तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। अभियान के चलते सोमवार को टीम ने नगर में स्थित होटल, भोजनालय एवं मिष्ठान भण्डार आदि का निरीक्षक किया।

निरीक्षण के समय उप जिलाधिकारी सदर मनीष कुमार, क्षेत्राधिकारी सदर सुनील भारद्वाज, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी कलामुद्दीन, खाद्य सुरक्षा अधिकारी सच्चिदानन्द राय व राजस्व टीम मौके पर पाठक स्वीटस व आनन्द भोजनालय का निरीक्षण कर मिष्ठान आदि का नमूना लेकर जाँच हेतु लेब में भेजा। इसके साथ ही द ग्राण्ड सिद्धी होटल सिविल लाइन, ललितपुर का भी निरीक्षण किया गया एवं निरीक्षण के समय पायी गयी कमियां यथा अग्निशमन आदि की व्यवस्था को यथाशीघ्र दुरूस्त कराने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। उन्होंने समस्त खाद्य सामग्री विक्रेताओं को निर्देशित किया कि यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। जाँच दौरान किसी भी प्रकार की कमी पाये जाने पर सम्बन्धित के विरूद्ध कठोरतम कार्यवाही अमल में लायी जाएगी।

### होली पर शराब की दुकानें रहेंगी बंद

**ललितपुर**। होली के त्यौहार के दौरान जिले में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। जिला मजिस्ट्रेट सत्य प्रकाश ने आदेश जारी करते हुए 4 मार्च 2026 को जनपद की सभी शराब और भांग की दुकानों को बंद रखने का निर्देश दिया है। जारी आदेश के अनुसार, आबकारी अधिनियम-1910 की धारा-59 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिले की सभी देशी शराब, कम्पोजिट शॉप, मॉडल शॉप, भांग की फुटकर दुकानें और थोक अनुज्ञापन समेत बार को बंद रखा जाएगा। यह बंदी बुधवार, 4 मार्च को सुबह 10 बजे से शाम 5बजे तक प्रभावी रहेगी।

### रास्ते से निकलने को लेकर दंपती पर हमला

**ललितपुर**। थाना मड़ावरा अंतर्गत ग्राम गोराकछया में रास्ते से गुजर रहे एक दंपती के साथ गांव के ही कुछ लोगों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। बीच-बचाव करने आए पीड़ित के पिता के साथ भी अभद्रता की और आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामले में एक महिला समेत तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। ग्राम गोराकछया निवासी खुशीलाल पाल पुत्र अच्छेलाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि सोमवार 2 मार्च को दोपहर 1 बजे वह अपनी पत्नी लाडकुंवर के साथ बाइक से मध्य प्रदेश के रामटोरिया जा रहा था।

# सेवा केंद्र पर आध्यात्मिक संदेशों के साथ मनाई होली



हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

होली के पावन अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के मुखर्जी नगर सेवा केंद्र पर अलौकिक होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाई-बहनों ने सहभागिता कर आध्यात्मिक वातावरण में होली मनाई। कार्यक्रम का शुभारंभ ब्रह्माकुमारी रेखा दीदी के प्रेरणादायी उद्बोधन से हुआ। उन्होंने कहा कि होली अर्थात बीती सो बीती, जो हुआ उसकी चिंता न करें और आगे के लिए श्रेष्ठ कर्म ज्ञान-योगयुक्त होकर करें। उन्होंने समझाया कि होली का अर्थ पवित्रता है, इसलिए प्रत्येक कर्म शुद्ध और ईश्वर-अर्पित भाव से करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सच्ची होली वही है, जिसमें आत्मा परमात्मा की श्रीमत अनुसार जीवन जीने का संकल्प ले।

ब्रह्माकुमारी रुक्मणी दीदी ने कहा कि होली पर रंग लगाने की परंपरा वास्तव में ज्ञान का रंग चढ़ाने का प्रतीक है। ज्ञानी आत्मा के संग से अन्य आत्माओं पर भी आध्यात्मिक रंग चढ़ता है। उन्होंने कहा कि संसार में दो ही रंग हैं माया का और ईश्वर का। ईश्वरीय रंग में रंगा व्यक्ति योगी बनता है, जबकि माया के रंग में रंगा व्यक्ति भोगी। उन्होंने खेद व्यक्त करते हुए कहा कि आज होली हुल्लड़बाजी का रूप ले चुकी है, जिससे कई बार लोगों की भावनाएं आहत होती हैं। नंदनी बहन ने संगमयुग की महत्ता बताते हुए कहा कि यह समय आत्माओं और परमात्मा के मंगल मिलन का है। अंत में सभी ने एक-दूसरे को तिलक लगाकर एवं फूलों की होली खेली।

मंदिरों को निशाना बना रहे चोर

# कल्याणपुरा के सिद्ध बाबा मंदिर में चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

गथाना बांसी के मंदिर में हुई चोरी का राज अभी खुला भी नहीं और थाना कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत कल्याणपुरा में स्थित सिद्ध बाबा मंदिर को अज्ञात चोरों ने अपना निशाना बनाया।

चोरों ने न केवल मंदिर में चोरी की, बल्कि धार्मिक भावनाओं को आहत करते हुए वहां स्थापित मूर्तियों को भी खंडित कर दिया। घटना का खुलासा मंगलवार 3 मार्च 2026 की सुबह उस वक्त हुआ जब लगभग 9.30 बजे महाराजजी, प्रधान प्रतिनिधि और कीरत कुशवाहा, ब्रजलाल मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचे। मंदिर परिसर का नजारा देख ग्रामीण दंग रह गए। वहां स्थापित मूर्तियां टूटी हुई थीं और मंदिर में लगे पीतल के घंटे गायब थे। ग्रामीणों द्वारा पुलिस को दी गई सूचना के अनुसार, चोर मंदिर से कुल 5 घंटे ले गए हैं। इनमें 3 छोटे घंटे शामिल हैं और 2 बड़े घंटे गायब हैं, जिनमें से एक-एक घंटे का वजन लगभग 5 किलोग्राम बताया जा रहा है। इस घटना को लेकर



ग्रामवासियों में गहरा आक्रोश है। ग्राम पंचायत कल्याणपुरा (विकास खंड जखौरा) के प्रधान प्रकाश चंद्र और समस्त ग्रामवासियों ने चौकी इंचार्ज बांसी (ललितपुर) को शिकायती पत्र सौंपकर मामले की जानकारी दी है। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि अज्ञात चोरों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाए और मंदिर की क्षतिपूर्ति कराई जाए।

एआई समिट मामला : 9 दिन बाद हुए रिहा

# उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस महासचिव ऋतिक शुक्ला को दिल्ली पुलिस ने दी क्लीन चिट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

दिल्ली पुलिस ने उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस के महासचिव ऋतिक शुक्ला को एआई समिट मामले में निर्दोष पाते हुए रिहा कर दिया है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल जांच टीम (एसआईटी) ने नौ दिनों तक चली गहन पूछताछ और मामले की बारीकी से जांच करने के बाद उन्हें क्लीन चिट दे दी है। मोंटी शुक्ला को 2 मार्च की शाम हिरासत से मुक्त किया गया।



गौरतलब है कि 20 फरवरी को दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित एआई समिट के दौरान हुए विरोध प्रदर्शन के सिलसिले में पुलिस जांच कर रही थी। इसी मामले में संदेह के आधार पर दिल्ली पुलिस ने 22 फरवरी को ऋतिक शुक्ला को उनके गृह जनपद ललितपुर से हिरासत में लिया था। इसके बाद उन्हें दिल्ली ले जाया गया, जहां सुरक्षा एजेंसियों और विशेष टीम ने उनसे विस्तार से सवाल-जवाब किए।

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर

जांच के दौरान मोंटी शुक्ला के खिलाफ कोई भी पुख्ता सबूत या दोष सिद्ध नहीं हो सका। उनकी रिहाई की खबर मिलते ही उनके परिजनों और समर्थकों ने राहत की सांस ली है। बता दें कि उनकी गिरफ्तारी के बाद से ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं में काफी रोष था। 26 फरवरी को ललितपुर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनकी रिहाई की मांग को लेकर प्रदर्शन किया था और राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी सदर मनीष कुमार को सौंपा था। बंटी शुक्ला के स्वागत के लिए मोंटी शुक्ला के स्वागत के लिए जिला कांग्रेस कमेटी इंतजार कर रही है।

# घरेलू हिंसा से महिला को बचाना युवक को पड़ा भारी, पति ने पत्थर मारकर सिर फोड़ा

**ललितपुर**। बानपुर थाना अंतर्गत ग्राम सूरीकलां में मानवता दिखाना एक युवक के लिए भारी पड़ गया। पत्नी के साथ मारपीट कर रहे एक व्यक्ति को जब युवक ने रोकने की कोशिश की, तो आरोपी ने उस पर पत्थरों से हमला कर दिया।

पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम सूरीकला निवासी सिद्धार्थ पुत्र मुलायम परिहार ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार (27 फरवरी) की रात करीब 8 बजे वह अपने खेत पर जा रहा था। रास्ते में उसी के गांव के सतीश बरार की पत्नी उसे मिली, जो बदहवास हालत में थी। महिला ने सिद्धार्थ को रोककर गुहार लगाई कि मेरे पति से मुझे बचा लो, वह मुझे मार रहा है। पीड़ित सिद्धार्थ के अनुसार, जब उसने महिला को बचाने का प्रयास किया, तो आरोपी सतीश ने अपनी पत्नी को छोड़कर सिद्धार्थ पर हमला कर दिया। आरोपी ने पीछे से एक बड़ा पत्थर सिद्धार्थ के सिर में मार दिया, जिससे वह लहूलुहान हो गया। इसके बाद आरोपी ने सिद्धार्थ के बाएं हाथ पर भी दो पत्थर मारे, जिससे उसे गंभीर चोटें आई हैं। मौके पर मौजूद शिशुपाल यादव ने जब बीच-बचाव किया, तो आरोपी ने उनके साथ भी मारपीट की और गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर वहां से भाग निकला। घटना के बाद घायल सिद्धार्थ ने बानपुर थाने पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई।

परिवार को पीटा, मोबाइल भी तोड़ा

# उधारी के गुटखे से मना करने पर दुकानदार पर किया हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

कोतवाली क्षेत्र के निकटवर्ती ग्राम में एक मामला सामने आया है, जहां उधारी में गुटखा न देने पर एक युवक ने दुकानदार, उसके पिता और भाई के साथ जमकर मारपीट की। इतना ही नहीं, पुलिस को सूचना देने पर आरोपी ने पीड़ित का मोबाइल छीनकर तोड़ दिया और जान से मारने की धमकी दी।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।ग्राम चमरऊवा निवासी भगत सिंह (37 वर्ष) पुत्र तुलसीराम लोधी ने कोतवाली में दी अपनी तहरीर में बताया कि रविवार शाम करीब 4.30 बजे वह अपनी दुकान पर बैठा था। उसी समय गांव का ही लवकुश यादव पुत्र कीरत सिंह यादव दुकान पर आया और उधारी में गुटखा मांगने लगा। जब भगत सिंह ने उधार देने से मना किया, तो लवकुश गाली-गलौज पर उतारू हो गया। आरोप है कि मना करने पर लवकुश ने दुकानदार भगत सिंह के साथ लात-घूंसों और लाठी-डंडों से मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान आरोपी ने पत्थर उठाकर दुकान में फेंका, जो भगत सिंह के कान के पास लगा, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जब बीच-बचाव करने पीड़ित के पिता और भाई आगे आए, तो आरोपी ने उन्हें भी नहीं बख्शाऔर उनके साथ भी लाठी-डंडोंसेमारपीट की, जिसस उन्हें अंदरूनी चोटें आई हैं।

घटना के दौरान जब भगत सिंह ने 112 नंबर डायल कर पुलिस को जानकारी देने की कोशिश की, तो आरोपी लवकुश ने उसका मोबाइल छीनकर जमीन पर पटक कर तोड़ दिया। मौके पर मौजूद मोविन्द्र पुत्र अमरसिंह ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराने की कोशिश की, तो आरोपी ने उन्हें भी धमकी दी कि अगर कोई कानूनी कार्यवाही की तो जान से मार दूंगा।

## भोपाल संभाग को सहारिया प्राधिकरण में शामिल करने की रखी मांग

# पीवीटीजी के तहत सीधी भर्ती का लाभ देने मुख्यमंत्री के नाम विधायक को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शमशाबाद

अखिल भारतीय सहारिया समाज महासभा के पदाधिकारियों ने विधायक सूर्यप्रकाश मीणा से मिलकर मांग पत्र सौंपा। जिसमें भोपाल संभाग को सहारिया प्राधिकरण में शामिल करने की मांग की गई।



सहरिया महासभा ने विधायक के माध्यम से मुख्यमंत्री मोहन यादव के नाम ज्ञापन सौंपते हुए भोपाल संभाग में निवासरत सहारिया जनजाति के युवाओं को भी पीवीटीजी के तहत सीधी भर्ती का लाभ देने की मांग की है। महासभा के प्रदेश अध्यक्ष फूलसिंह सेमरिया ने ज्ञापन में बताया कि प्रदेश के ग्वालियर, अशोकनगर, दतिया, भिंड, मुरैना, शिवपुरी और श्योपुर जिलों में सहारिया युवाओं को बिना लिखित परीक्षा सीधी भर्ती का लाभ दिया जा रहा है, जबकि भोपाल संभाग के जिलों में रहने वाले युवा इससे वंचित हैं। संगठन के अनुसार शासन के रिकॉर्ड में केवल विदिशा जिले में ही करीब 48 हजार सहारिया जनजाति के लोग निवासरत हैं। वहीं भोपाल संभाग के विदिशा, रायसेन, राजगढ़, सीहोर और भोपाल जिलों में इनकी संख्या डेढ़ लाख से अधिक बताई गई है। महासभा ने मांग की है कि समानता के आधार पर भोपाल संभाग को भी सहारिया प्राधिकरण में शामिल किया जाए, ताकि यहां के युवाओं को भी पीवीटीजी के तहत सीधी भर्ती और अन्य शासकीय योजनाओं का लाभ मिल सके।इस अवसर पर विदिशा जिले के पदाधिकारि उपस्थित थे।

### तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को मरी टक्कर

**ललितपुर**। थाना मड़ावरा अंतर्गत ग्राम बम्हौरीकला के पास एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। हादसे में युवक का हाथ टूट गया और उसकी चाची घायल हो गई। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना मदनपुर के ग्राम पहाड़ीकलां निवासी जयहिन्द सिंह पुत्र रामकुमार सिंह ने पुलिस को बताया कि वह 14 फरवरी 2026 को अपनी बाइक (यू.पी.94 ए.डी. 4782) से चाची क्रांति के साथ निजी काम के लिए मड़ावरा आ रहे थे। दोपहर करीब 12.30 बजे जैसे ही वह बम्हौरीकला के पास पहुँचे, सामने से आ रही एक हुंडई कार (एम.पी.04 सी.क्यू.4329) के चालक ने लापरवाही और तेज गति से वाहन चलाते हुए उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे के बाद दोनों घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मड़ावरा ले जाया गया। जयहिन्द की गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। परिजनों ने उन्हें झांसी के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

### जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधियों ने सद्भाव एवं भाईचारे से त्योहार मनाने की अपील

# आज निकलेगा हुरियारों का जूलूस, 2 हजार पुलिस जवान तैनात, ड्रोन से होगी निगरानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

रंगों के पर्व होली को लेकर नगर में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। आज नगर में पारंपरिक होली जुलूस निकाला जाएगा। जुलूस की शुरुआत पाटनदेव श्रीहनुमान मंदिर से होगी और नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए महामाया चौक पर समापन किया जाएगा। आयोजन को लेकर हिंदू उत्सव समिति द्वारा व्यापक तैयारियां की गई हैं। समिति ने नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर सद्भाव और भाईचारे के साथ होली मनाने की अपील की है।

हुरियारों के जुलूस को लेकर किसी भी तरह की अव्यवस्था न फैले, इसके लिए पुलिस ने मुख्य मार्गों पर फ्लैग मार्च निकाला। इस दौरान गंज बाजार, महामाया चौक, बस स्टैंड, इंडियन चौराहे, सागर भोपाल तिराहे, दुर्गा चौक मुख्य मार्ग और संवेदनशील इलाकों में पुलिस बल ने पैदल गश्त कर आमजन को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। करीब 2000 पुलिस जवान चप्पे-चप्पे पर तैनात रहेंगे। एसपी आशुतोष गुप्ता ने बताया कि शहर को विभिन्न सेक्टरों में बांटकर सुरक्षा व्यवस्था की गई है। ड्रोन कैमरे और सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से भी भीड़ पर नजर रखी जाएगी।

### सौहार्द का दिया संदेश

धुरेडी केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि रिश्तों को फिर से रंगने का अवसर भी है। लोग एक-दूसरे के घर पहुंचकर मिठाई खिलाते हुए पुराने मतभेद भुलाने का संदेश देंगे। महिलाओं ने घरों में गुजिया, मठरी और गुलाब जामुन, दाल चिवड़ा जैसे पारंपरिक पकवान तैयार किए हैं।



### मिल-जुलकर मनाएं पर्व



होली सामाजिक समरसता का संदेश देती है। सभी वर्गों के लोग मिल-जुलकर यह पर्व मनाएं और समाज में सकारात्मक वातावरण बनाए रखें। - **राकेश शर्मा**, जिला अध्यक्ष भाजपा।



### होली का त्योहार एकता व भाईचारे के साथ मनाएं

होली का त्योहार एकता एवं भाईचारे के साथ मनाएं। त्योहार पर पानी की बचत करें और आपकी भेदभाव भुलाकर एक दूसरे को गले मिलकर शुभकामनाएं दें। होली का पर्व हमें बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश देता है।

### सुरक्षित और पर्यावरण के अनुकूल मनाए होली पर्व



**अरुण विश्वकर्मा**
कलेक्टर, रायसेन

होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि समाज में प्रेम, एकता और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक है। सभी नागरिक जन सुरक्षित और पर्यावरण के अनुकूल होली मनाएं।

### उत्साह और उमंग का प्रतीक है होली का त्योहार



**आशुतोष गुप्ता**
पुलिस अधीक्षक

होली का त्योहार उल्लास और उमंग का प्रतीक है। सभी लोग शांति व्यवस्था बनाए रखने और पुलिस प्रशासन का सहयोग करें, जिससे कोई अव्यवस्था न हो सके।

### होली नए सिरे से रिश्तों को मजबूत करने प्रेरणा देता है




**देवेंद्र पटेल**
विधायक, सिलवानी

होली का पर्व हमें पुराने गिले-शिकवे भुलाकर नए सिरे से रिश्तों को मजबूत करने की प्रेरणा देता है। युवाओं से संयम और मर्यादा के साथ उत्सव मनाने का आग्रह किया।

### पत्नी को जलाने के मामले में था आरोपी

# अस्पताल में भर्ती बुजुर्ग ने लगाई फांसी, मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत स्थित जिला अस्पताल में मंगलवार सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया, जब अस्थि रोग विभाग के वार्ड में भर्ती एक बुजुर्ग मरीज ने बाथरूम में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान 60 वर्षीय जमुना प्रसाद गौर निवासी मुरैल कलां के रूप में हुई है।

एसपी आशुतोष गुप्ता ने बताया कि जमुना प्रसाद विगत कई दिनों से अपनी पत्नी पर तेल डालकर आग लगाने के मामले में आरोपी था और फरार चल रहा था। बताया जा रहा है कि वह पहले भी आत्महत्या का प्रयास कर चुका था। स्वास्थ्य कारणों से उसे जिला अस्पताल के अस्थि रोग विभाग में भर्ती कराया गया था। मंगलवार सुबह उसने वार्ड के बाथरूम में पजामे के नाड़े को गले में बांधकर फांसी लगा ली। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस रायसेन टीम मौके पर पहुंची और शव को फंदे से नीचे उतरवाया। पुलिस ने शव का मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

शव को जिला अस्पताल की मर्चुरी में रखवाया, जहां डॉक्टरों की टीम द्वारा पोस्टमार्टम की कार्रवाई पूरी कर शव परिजनों को सौंप दिया। आत्महत्या के कारणों का फिलहाल स्पष्ट खुलासा नहीं हो सका है।

सिविल सर्जन डॉ. यशपाल सिंह बाल्यान ने बताया कि मरीज जिला अस्पताल के अस्थि रोग वार्ड में भर्ती था। सुबह सूचना मिली कि उसने बाथरूम में फांसी लगा ली है। डॉक्टरों की टीम ने आवश्यक चिकित्सकीय प्रक्रिया पूरी करते हुए शव का पीएम कराया।

## फैक्ट्री चौराहा पर स्थित श्री तीर्थधाम ज्ञानोदय में चतुर्थ दीक्षांत समारोह सानंद संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

भोपाल-विदिशा हाईवे 18 फैक्ट्री चौराहा दीवानगंज रोड पर स्थित भव्य संकुल तीर्थधाम ज्ञानोदय के भव्य प्रांगण में श्री ज्ञानोदय दिगंबर जैन सिद्धांत कॉलेज संचालित है। जहां विद्यार्थी रहकर जैन विद्या एवम संस्कृति एवं संस्कृत संवर्धन के उत्थान के लिए विशिष्ट अध्ययन यहां पांच साल रहकर करते हैं, जिसके पश्चात उन्हें सिद्धांत शास्त्री की उपाधि से अलंकृत किया जाता है।

भव्य कार्यक्रम डॉ. शांतिकुमार पाटिल जयपुर, डॉ. वीरसागर दिल्ली, ब्र. हेमचंद हेम, पंडित राजकुमार शास्त्री उदयपुर, डॉ. महेश शास्त्री भोपाल के मंगल सानिध्य में एवं मुख्य अतिथि संजीव शमी स्पेशल डीजी, राजेश गुप्ता उपसचिव-पर्यटन एवम संस्कृति विभाग मध्यप्रदेश एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. सचिन दमोह, डॉ. अखिल बंसल जयपुर, संतोष दोशी आदि मंचासीन गणमान्य अतिथियों के बीच कार्यक्रम संपन्न हुआ। सभा का संचालन प्राचार्य शुभम शास्त्री ने किया।

### जान जोखिम में डालकर पटरियां कर रहे क्रॉस

## स्टेशन पर लोगों की सहूलियत के लिए बनाया ओवरब्रिज अनुपयोगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

स्टेशन पर फुट ओवरब्रिज का निर्माण इसलिए करवाया गया था कि लोग आसानी के साथ सुरक्षित तरीके से इस और दूसरी और जा सकें। ताकि उन्हें रेलवे पटरियां क्रॉस ना करना पड़े। लेकिन राजीवनगर ओर इंद्रानगर के लोग फुट ओवरब्रिज का इस्तेमाल नही करते हुए रेलवे पटरी क्रॉस करके आते जाते हैं। कई बार जब ट्रेक पर मालगाड़ी खड़ी रहती है तो यह लोग उसके नीचे से निकलते हैं।

रेलवे पटरी पार करने के दौरान भी यह लोग रेलगाड़ी और मालगाड़ी के गुजरने का इंतजार तक नहीं करते। कई बार सिग्नल नहीं मिलने पर एक्सप्रेस और मालगाड़ी स्टेशन पर आकर खड़ी हो जाती हैं। ऐसे में लोग 5 से 10 मिनिट तक रुकने की बजाए खड़ी ट्रेन के नीचे से निकलने में भी गुरेज नहीं करते हैं। जिसकी वजह से दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। वहीं स्टेशन पर मौजूद ज़िम्मेदार अधिकारी भी इस और ध्यान नही दे रहे हैं।

सलामतपुर रेलवे स्टेशन पर खड़ी हुई ट्रेन के नीचे से निकलने के दौरान राजीवनगर के कई ग्रामीण दुर्घटना का शिकार हो चुके हैं।



उसके बाद भी स्थानीय ग्रामीण ट्रेन के नीचे से निकलना नही छोड़ रहे हैं।

### होती है दुर्घटनाएं

विगत दिनों दो ग्रामीण ट्रेन के नीचे से निकल रहे थे उसी समय अचानक ट्रेन चल पड़ी और वह ट्रेन के पहियों के नीचे आकर मौत के आगोश में समा गए। फिर भी इन लोगों ने सबक नही लिया। इस मामले में रेलवे विभाग भी ज़िम्मेदार है। क्योंकि वह इन लोगों को ट्रेन के नीचे से निकलने से नही रोकता है। जिसकी वजह से आए दिन ट्रेन दुर्घटनाएं हो रही हैं। अब स्थानीय लोगों ने रेलवे ट्रेक को दोनो और से बंद करने की मांग रेलवे विभाग से की है।

### मवेशियों से आए दिन हो रहे हादसे

# चलती बाइक के सामने अचानक से गाय आकर टकराई, तीन घायल

### » ग्रामीणों ने की प्रशासन से मवेशियों की समस्या पर कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

मंगलवार को भोपाल–विदिशा हाईवे 18 पर दीवानगंज पुरानी चौकी के सामने एक दर्दनाक हादसा हो गया। तेज रफ्तार बाइक अचानक सड़क पर आई गाय से टकरा गई। हादसे में बाइक चालक सहित दो मासूम बच्चे घायल हो गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पग्नेश्वर निवासी हमीर सिंह लोधी गुनगा कलारा में एक कार्यक्रम से लौट रहे थे। वे अपने दोनों भांजों को ग्राम करेला छोड़ने जा रहे थे। जैसे ही वह गांव के समीप पहुंचे, अचानक सड़क पर एक गाय आ गई। जिससे बाइक अनियंत्रित होकर गाय से टकरा गई और तीनों सड़क पर गिर कर घायल हो गए।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल दीवानगंज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद



हालत को देखते हुए 108 एम्बुलेंस की मदद से उन्हें सांची अस्पताल रेफर किया गया है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि हाईवे पर अक्सर आवारा मवेशी घूमते रहते हैं, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मवेशियों की समस्या पर ठोस कार्रवाई की मांग की है। हाईवे 18 पर अक्षर आवारा पशु घूमते-पढ़ते हैं जो दुर्घटनाओं का एक मुख्य कारण है।

### मवेशियों से आए दिन हाइवे पर हो रहे हादसे

स्टेट हाइवे 18 और एनएच 146 पर मवेशी बालमपुर घाटी से लेकर भदभदा, देहरी, दीवानगंज, कुल्हाड़यिा, बेरखेड़ी चौराहा, सलामतपुर, त्रिमूर्ति चौराहा, ढकना चौराहा, पगनेश्वर गांव सहित आमखेड़ा पर बड़ी संख्या में बैठे रहते हैं। रात में दिखाई नहीं देने पर सड़क हादसे हो रहे हैं। जिसमें मोटरसाइकिल सवार भी घायल हो रहे हैं।




## अनियंत्रित होकर तालाब में जा गिरी स्कॉर्पियो

**सलामतपुर/दीवानगंज**। भोपाल-विदिशा हाईवे पर देहरी के पास एक हादसा होते-होते टल गया। सामने से आ रहे वाहन को बचाने में एक स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित तालाब में जा गिरी। गनीमत रही कि जहा कार पलटी, वहां पानी कम था।

जानकारी के अनुसार स्कॉर्पियो में बेरखेड़ी चौराहा स्थित पेट्रोल पंप संचालक सुरेंद्र लोधी और उनका ड्राइवर सवार थे। भोपाल से पेट्रोल पंप की ओर जा रहे थे, तभी अचानक सामने से आए वाहन को बचाने में चालक ने नियंत्रण खो दिया और गाड़ी तालाब में जा गिरी। घटना के बाद मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए दोनों को वाहन से बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया। हादसे में दोनों को मामूली चोटें आई हैं और वे खतरे से बाहर बताए जा रहे हैं।

# लंबी रस्साकसी के बाद सरबजीत सिंह बने मंडल अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी



हाल ही में भाजपा ने लंबे समय के बाद सांची, बेगमगंज ग्रामीण और बाड़ी मंडल अध्यक्ष की लिस्ट जारी की है। जिसमें सरबजीत सिंह अटवाल को बाड़ी मंडल अध्यक्ष नियुक्ति किया है बता दें कि प्रदेश में भाजपा मंडल अध्यक्षों की नियुक्तियां हुए लंबा समय बीत चुका है। कही सर्वसहमति से तो कही संगठन की पसंद से मंडल अध्यक्ष घोषित किए गए, परन्तु बाड़ी के मंडल अध्यक्ष को लेकर पेंच फंसा था। बाड़ी मंडल से एक पक्ष ने पार्षद सरबजीत सिंह अटवाल का नाम रखा था तो दूसरे पक्ष ने नप उपाध्यक्ष सुरेश पाल का नाम को तरजीत दी थी। इसी रस्सा कसी में भाजपा बाड़ी मंडल की नियुक्ति लटकी हुई थी जिसका हाल ही में पटाक्षेप हो गया।

भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने दोनों ही दावेदारों की कसौरी पर तुलनात्मक विश्लेषण के बाद सरबजीत सिंह अटवाल को उपयुक्त मानते हुए घोषणा कर दी। मंडल अध्यक्ष पद पर सरबजीत सिंह की नियुक्ति का समाचार मिलते ही समर्थकों में हर्ष और उत्साह का माहौल बना हुआ है।

### नवनियुक्त अध्यक्ष ने प्रदेश मंत्री एवं जिला प्रभारी से की भेंट

**बाड़ी**। भाजपा के नवनियुक्त बाड़ी मंडल अध्यक्ष सरबजीत सिंह अटवाल ने अपने पिता जोधा सिंह अटवाल एवं मित्र मंडली सहित प्रदेश मंत्री एवं जिला प्रभारी राजो मालवीय के निवास पर पहुंचकर सौजन्य भेंट की। सौजन्य करने वालों में राजू सोनी, रंजीत गौर, रघुवीर सिंह ठाकुर, लकी भदौरिया, मिथुन मीना, नरेंद्र कुमार, मोनू थंगप्पन, जस्सी अटवाल, शेरू अटवाल, लकी अटवाल, मसरूर अहमद, दिनेश शर्मा, सुमित पंडा , मनीष सराठे, छोटू शामिल है।

# ग्रहण का असर अधिकांश दुकानें, प्रतिष्ठान रहे बंद मंदिरों के पट रहे बंद, नर्मदा तटों पर लोगों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

नए वर्ष 2026 में पहला खंडग्रास चन्द्रग्रहण का नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में व्यापक असर बना रहा। सुबह सूतक काल प्रारंभ होने से पूर्व धार्मिक श्रद्धालुओं द्वारा स्नान, पूजन, पाठ किये गए। नगर के सभी मंदिरों में पूजन आरती के बाद पट बंद रहने से दिन भर मंदिरों में सन्नाटा बना रहा।

पूर्व से घोषित होली अवकास और ग्रहण के असर के कारण अधिकांश दुकानों, प्रतिष्ठानों के



बंद रहने के साथ नगर की सडक़ों बाजारों में सन्नाटा छाया रहा।

सुबह 6 बजे सूतक, दोपहर 3.20 से चन्द्रग्रहण काल प्रारंभ होने और शाम 6.47 पर मोक्ष होने का धार्मिक श्रद्धालु इंतजार करते रहे। जैसे ही ग्रहण का समय समाप्त और मोक्ष हुआ, धार्मिक श्रद्धालुओं का वाहन साधनों से क्षेत्र के नर्मदा तटों पर पहुंचना शुरु हो गया। ग्रहण, पूर्णिमा, अमवस्या, विशेष पर्व, त्यौहारों पर देवरी, उदयपुरा, बरेली एवं बाड़ी तहसीलों के दर्जनों नर्मदा तटों पर नर्मदा मैया में पुण्य की डुबकी लगाने की प्राचीन परंपरा बनी हुई है।

# हमीरपुर में गूंजा बुंदेली फाग, होली चौक पर हुआ सांस्कृतिक आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

अंचल के ग्राम हमीरपुर में होली पर्व के अवसर पर पारंपरिक बुंदेली फाग का भव्य आयोजन किया गया। गांव के होली चौक पर आयोजित इस कार्यक्रम में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं देकर आपसी सौहार्द का संदेश दिया।

फाग गायन के दौरान पारंपरिक ढोलक, मंजीरे और हारमोनियम की धुनों पर मंडली ने होली के रस और उल्लास से भरपूर गीत प्रस्तुत किए। रंगों के इस त्योहार पर ग्रामीणों ने लोक परंपराओं को जीवंत करते हुए पुरानी रीति-रिवाजों को सहेजने का संकल्प भी लिया।

कार्यक्रम में अजय पटेल,लखन सिंह रघुवंशी, संजय रघुवंशी,भीष्म सिंह रघुवंशी, शैलेंद्र सिंह, नवनीत



रघुवंशी ने कहा कि बुंदेली फाग केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है।

उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपनी संस्कृति और परंपराओं को समझें तथा उन्हें आगे बढ़ाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। वक्ताओं ने कहा कि फाग गायन भारत की सांस्कृतिक पहचान है, जिसे सहेजकर रखना हमारी जिम्मेदारी है। अंत में सभी ग्रामीणों ने मिलकर होली के पारंपरिक गीत गाए। सौहार्दपूर्ण वातावरण में कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### डेफोडिल्स स्कूल में मधुमेह, नेत्र शिविर

# शिविर में 130 नेत्र रोगियों की हुई जांच, दिया परामर्श

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

डेफोडिल्स पब्लिक स्कूल, लांइस क्लब एवं भोपाल के डॉ. गजेन्द्र चावला, डॉ. संजीव गुलाटी एवं अन्य डॉक्टरों के सहयोग से डेफोडिल्स स्कूल काली मंदिर के सामने निःशुल्क मधुमेह, नेत्र शिविर का आयोजन हुआ।

शिविर में 14 डॉक्टरों की टीम द्वारा लगभग 130 मरीजों की जाँच उपचार की सलाह दी गई। इसी के साथ मधुमेह होने की कारणों की जानकारी देते हुए सावधानी बरतने की सलाह दी।



### नेत्र एवं मधुमेह रोग विशेषज्ञ डॉक्टरों ने निदान की सलाह

डेफोडिल्स स्कूल में लगे हुए जाँच शिविर में लांइस क्लब एवं डेफोडिल्स स्कूल परिवार की ओर से सभी डॉक्टरों सहयोगी टीम के सदस्यों का आत्मीय स्वागत लांइस क्लब के पदाधिकारियों, डेफोडिल्स स्कूल के संचालकों द्वारा किया गया। इस अवसर पर नेत्र एवं मधुमेह रोग विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा रोग होने के कारणों, निदान, उपचार के साथ सावधानी बरतने की सलाह दी गई।

# ग्रहण के कारण नगर एवं क्षेत्र में आज खेला जाएगा रंग गुलाल

### राज्यमंत्री पटेल के निवास पर आज होगा फाग रंगोत्सव कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

होलिका दहन के दूसरे दिन चन्द्रग्रहण के कारण रंग-गुलाल नहीं खेला गया। ग्रहण एवं अवकाश के कारण मंगलवार को नगर की सडक़ों, बाजारों में सन्नाटा बने रहने की स्थिति रही। लोग अपने घरों में रह कर टीवी पर ईरान, अमेरिका, इज़रायल युद्ध की खबरें या मनोरंजन वाले टीवी शौ देखने सक्रिय बने रहे।

आज बुधवार को नगर एवं सम्पूर्ण नर्मदा क्षेत्र के ग्रामों में रंग गुलाल खेला जाएगा। जिसकी तैयारियां भी चलती रही। होली पर अनरय वाले परिवारों में पहुंच कर रंग का टीका लगाने और शोक संवेदनाएं व्यक्त करने की परंपरा है। हिउस के द्वारा बैठक में लिए निर्णय के अनुसार आज हिउस



के पदाधिकारी सदस्य नगर में अनरय वाले परिवारों में तिलक लगाने जाएगें।

एक-दूसरे को रंग गुलाल टीका लगा कर आपसी प्रेम-भाव बढ़ाने, मन-मुटाव, विवाद खत्म करने का होली पर्व पर प्रयास किए जाने की प्राचीन परंपरा आज भी ग्रामीण क्षेत्र में बनी हुई है।

### राज्यमंत्री के निवास पर रंगोत्सव

क्षेत्र के विधायक एवं राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल के नाहर कॉलोनी स्थित निवास पर आज बुधवार को होली मिलन एवं रंगोत्सव फाग का कार्यक्रम रखा गया। राज्यमंत्री पटेल, उनके पिता शिवाजी पटेल भाई नरेन्द्र पटेल, राजेंद्र पटेल, जितेंद्र पटेल के साथ परिवार के सदस्य उपस्थित रहेगें। राज्यमंत्री पटेल होली मिलन कार्यक्रम में शामिल होगें। भाजपा के कार्यकर्ताओं की उपस्थिति भी रहेगी।